02

श्री राजाय पुलिसन कराटे प्रतियोगिता में प्रतिष्ठा ने जीता स्वर्ण पदक

आज समाज

www.aajsamaaj.com

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, मंगलवार, 06 दिसंबर 2022

विक्रमी संवत 2079, अमांत-मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, मूल्य, 2.00 रुपए

04

गांव जवां में नवनिर्वाचित सरपंच ने की कार्यों की शुरुआत

प्रतिस्पर्धा अग्रवाल महाविद्यालय में चल रही अंतमहाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ समापन

महिला वर्ग में एमकेजेके कॉलेज रोहतक की नीतू मलिक प्रथम

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। सोमवार को प्रतियोगिता के समापन सत्र में मुख्य अतिथि सुभाष शर्मा, जुडो कोच, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कमल टंडन (अंग्रेजी विभागाध्यक्ष) उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के बंग्वाइंड राउंड के खत्र वर्ग में कुशल दयाल (सीडीजेएस कॉलेज, बुटाना) ने प्रथम, मोहित (एआईजेएच एस कॉलेज, रोहतक) ने द्वितीय तथा पुलकित काजला (साउथ पॉइंट कॉलेज, सोनीपत) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में नीतू मलिक (एमकेजेके कॉलेज, रोहतक) ने प्रथम, मुस्कान सैनी (अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़) ने द्वितीय तथा शिवानी देशवाल (एमकेजेके कॉलेज, रोहतक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को हार जीत से ऊपर उठकर खेल को खेल की भावना से खेलने और स्वर्णिम भविष्य की कामना दी। इस अवसर पर संयोजक (खेल समिति) डॉ केवल कौशिक ने बताया कि खेल ही शारीरिक शक्ति का विपुल भण्डार है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में आशा, स्फूर्ति एवं नवीन ऊर्जा का संचार होता है। इस इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से लगभग 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें इंडियन, रिकर्व और कम्पाउंड की प्रतिस्पर्धा कराई गई। खिलाड़ियों को उत्साहित करने में महाविद्यालय के डीपी नंद किशोर, डॉ जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा का सराहनीय योगदान रहता है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्तागण रविन्द्र जैन, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ नरेश कामरा, डॉ जगपाल सिंह, डॉ रामचंद्र मौजूद रहे। प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी, अतिथि एवं स्टॉफ। आज समाज